# बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.04.2021 को पूर्वान्ह 11.30 बजे ककोर मुख्यालय, औरैया में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं फर्मो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. श्री महाराज सिंह, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, औरैया (सदस्य सचिव)
2. श्री सुमित कुशवाहा एवं श्री देवेन्द्र सिंह, द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6–3–323, रामनगर, अनन्तपुरम, आन्ध्र प्रदेश।
3. श्री अरूणेश कुमार, ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मुहल्ला तिवारियान, छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।
4. डा0 एस0पी0 सिंह, कृषि एवं शैक्षिक प्रबंध संस्थान एल–3, एच.आई.जी. कुर्सी रोड, अलीगंज, लखनऊ।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17.03.2021 को की गयी समीक्षा बैठक के बिंदुओं पर चर्चा की गयी। प्रथम चरण में 312 राजस्व ग्रामों में पेयजल योजना बनाने का प्राविधान किया गया है। जिसमें द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी द्वारा बताया गया, कि सूची प्राप्त की दिनांक से 75 दिनों में 156 डी.पी.आर. एवं अगले 75 दिनों में शेष 156 डी.पी.आर, कुल 150 दिनों में 312 डी0पी0आर0 बना दी जायेंगी। जिसमें 10 अप्रैल 2021 तक 30 डी0पी0आर0 बनाकर प्रेषित कर दी जायेंगी। अद्यतन तक 70 राजस्व ग्रामों में डी.पी.आर. कियान्वयन हेतु सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं तीन टीमों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। डी0पी0आर0 में सहयोग एवं दीघ्रकालीन वित्तीय स्थायित्व हेतु ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मुहल्ला तिवारियान, छिबरामऊ, जनपद कन्नौज एवं कृषि एवं शैक्षिक प्रबंध संस्थान एल–3, एच.आई.जी. कुर्सी रोड, अलीगंज, लखनऊ को नामित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी को निर्देश दिया गया, कि प्रत्येक 10 दिन में 20 डी.पी.आर. बनाकर जमा करना सुनिश्चित करें। जिससे 75 दिनों में 156 डी.पी.आर. बनायी जा सके।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया, कि पाइप पेयजल योजना से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं योजनाओं के कियान्वयन हेतु आपको आई0एस0ए0 (Implementation Support Agency) को निर्धारित कलस्टर के अनुसार सूची उपलब्ध करायें।

बैठक में उपस्थित दोनों नामित एजेंसियों को निर्देश दिये गये, कि द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी से समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करते हुये ग्रामवासियों को उक्त योजना के बारे में जागरूक करें एवं कृत कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें।

Scanned with OKEN Scanner

...के अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये, कि प्रत्येक 10 दिन के ...जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सम्बन्ध में बैठक की जाये एवं कराये जा रहे कार्यों की ...गति से भी अवगत कराया जाये।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

पत्रांक – 260/W-27/217 दिनांक 08/09/021

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, औरैया (सदस्य)
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम, औरैया (सदस्य सचिव)
3. द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6–3–323, रामनगर, अनन्तपुरम, आन्ध्र प्रदेश।
4. ऑक्सफोर्ड शिक्षा प्रसार संस्थान, मुहल्ला तिवारियान, छिबरामऊ, जनपद कन्नौज।
5. कृषि एवं शैक्षिक प्रबंधन संस्थान एल–3, एच.आई.जी. कुर्सी रोड, अलीगंज, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
औरैया

Scanned with OKEN Scanner